# ईएसआईसी में राजभाषा पखवाड़ा समारोह का समापन



चंडीगढ़ (वि)। क्षेत्रीय कार्यालय, ईएसआईसी, में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय के कार्मिकों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समारोह में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय के बीमा आयुक्त, रत्नेश कुमार गौतम ने काम-काज में हिंदी का ही प्रयोग करने की अपील की। इसका उद्घाटन पंजाब विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर अशोक कुमार, उप निदेशक पंकज बोहरा एवं अन्य अधिकारियों ने किया। इस अवसर क्षेत्रीय निदेशक, राकेश कुमार, उप निदेशक, सोनम दावा, सहायक निदेशक (राजभाषा), मनोज तंवर, सहायक निदेशक, सीमा रावत, सहायक निदेशक, विक्रांत गोसांई, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, कुमार रविशंकर सहित 150 से अधिक कर्मचारी उपस्थित रहे।